हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 15 मई 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

MOTION
BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

**Highest Selection Ratio (NEET)**

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%

Rank 30 Vaibhav Sinha

Rank 71 Navya Mishra

Rank 94 Palak Nishant Shah

Rank 77 Govind Meena

ST Category Rank
From Rajasthan
Anuprati Batch

28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024

ADMISSION OPEN




Deepak Advertisers

**ADMISSION ANNOUNCEMENT** Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

# सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी –** सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत**– आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है –

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।


**कक्षा** – 11 के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)




# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

## लाइफ Style



# ऋचा

## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।

खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी था। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



# लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



# 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



# जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

## टीवी मसाला

# 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी

**नई दिल्ली।** 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं।



अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब शुरू होगा।




पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।

# ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

**मुंबई।** दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3'




पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



# हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

नई दिल्ली। 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

## ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

***मुंबई।*** *हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

## भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।



### इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

### ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 बेतरतीब ढंग से खड़े चार ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार





विभाग के अधिकारी बेपरवाह, लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

# बिना उत्पादन डेट बिक्री हो रही खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पैकेट बंद खाद्य पदार्थो के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं, लेकिन कई खाद्य पदार्थो के पैकेट में निर्धारित नियमों को अनेदेखा कर खाद्य पदार्थ को बाजार में विक्रय के लिए भेज दिया गया। ऐसे खाद्य पदार्थो की जांच व कार्रवाई संबंधित विभाग कभी नहीं करता है। शायद विभाग किसी तरह के शिकायत का इंतजार करता है, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता इस तरह की कमियों को देखकर भी उचित फोरम में शिकायत नहीं करते ऐसा हाल शिक्षित उपभोक्ताओं की भी है।

जानकारी के अनुसार शहर के कई दुकानों में जिनमें कुछ बड़े दुकान भी शामिल हैं, वहां पैकेट बंद खाद्य पदार्थ ऐसे हैं, जिनमें निर्धारित जानकारी अंकित नहीं रहता है, जबकि निर्धारित जानकारी को अनिवार्य रूप से अंकित करना होता है। क्योंकि पैकेट बंद खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है,लेकिन इस दिशा में भी गंभीर लापरवाही कंपनियों के द्वारा बरती जाती है। जानकारी के अनुसार स्थानीय एक उपभोक्ता ने शहर के एक बड़े दुकान से काजू का पैकेट की खरीदी की, जिसे घर ले जाकर देखा तो खरीदी किए गए काजू के पैकेट में बैच नंबर, पैकिंग डेट रिटेल प्राईस तक का उल्लेख नहीं किया गया है, पैकिंग में सिर्फ यह उल्लेख किया गया है कि बेस्ट बिफोर 6 मंथ। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब उक्त पैकेट में निर्माण की तिथि ही अंकित नहीं है तो फिर कोई कैसे तय करेगा कि बेस्ट बिफोर 6 मंथ कब तक होगा, जबकि खरीदी किए गए काजू एक नामी कंपनी द्वारा पैकिंग किया गया है। किसी भी पैकेजिंग खाद्य पदार्थ में बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, उपयोग की तिथि अंकित करना अनिवार्य होता है,लेकिन खाद्य जैसे महत्वपूर्ण वस्तु जो कि सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है, ऐसे वस्तुओं में भी निर्धारित नियमों का पालन कई कंपनियों के द्वारा नहीं किया जाता। नामी कंपनियों के द्वारा भी नियमों को अनदेखा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इसी तरह का एक और ब्यूटी प्रोडक्ट जो कि एक नामी कंपनी द्वारा तैयार किया गया है, उसमें भी जरूरी बातों का उल्लेख नहीं किया गया है।






**कई दुकानों में एक्सपायरी खाद्य सामग्री:** शहर के कई दुकान ऐसे हैं, जहां कई तरह के पैकेट बंद खाद्य सामग्री एक्सपायरी हो गए हैं, इसके बाद भी ग्राहकों को विक्रय कर दिया जाता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा समय-समय पर दुकानों में रखे खाद्य सामग्री की जांच नहीं की जाती, जिसके कारण कई दुकानदार अपने दुकानों में कालातीत हो चुके पैकेट बंद खाद्य सामग्री को धड़ल्ले के साथ बेज रहे हैं। वहीं अधिकतर ग्राहक जब किसी दुकान में कोई भी सामान खरीदी करने जाते हैं तो जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखते दुकानदार जैसे पैकेट बंद जो भी खाद्य सामग्री दिए उसे बिना जांचे ही घर ले जाते हैं।

### स्वास्थ्य को पहुंच सकता है नुकसान-

डिब्बा या पैकेट बंद खाद्य सामग्री यदि कालातीत हो जाता है और ज्यादा दिन नहीं गुजरे हैं तो ऐसा खाद्य पदार्थ ज्यादा नुकसान दायक सामान्यतः नहीं होता है, लेकिन यह है कि उसकी गुणवत्त वैसी नहीं रहेगी जैसी कि उसके उपयोग की तिथि निर्धारित है। वहीं एक्सपायरी डेट निकले अधिक दिन हो जाता है तो यह स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, वहीं कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे भी है जिनके उपयोग की तिथि गुजर जाने के बाद यदि ऐसे खाद्य पदार्थ का सेवन करते हैं तो कई तरह की शारीरिक समस्या उत्पन्न हो सकती है। वहीं कुछ खाद्य पदार्थ के पैकेट में निर्माण तिथि ही अंकित रहता, तो ऐसे में कैसे तय किया जाए कि खाद्य सामग्री कितने दिनों तक एक्सपायर हो चुका है। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक उपभोक्ता को दुकान में सामग्री लेने के दौरान ही एक्सपायरी डेट की जांच कर ही खाद्य सामग्री क्रय करना चाहिए।

# प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उच्च न्यायालय में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के व राजस्व विभाग के अधिकारियों से नामांतरण, बटांकन, सीमांकन व डायवर्सन के एवं आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को गर्मी में जिलेवासियों को समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए हैंडपंपों, कुओं एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन दवाईओं का छिड़काव करने के निर्देश दिए। बैठक में समितियों से धान उठाव की जानकारी देते हुए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी से 20 मई तक धान का उठाव सुनिश्चित करने को कहा। सड़कों में आए दिन अवारा व घुमंतु पशुओं के होने से जनधन की हानि होने की आशंका बनी होती है। कलेक्टर श्री लंगेह ने ऐसे सभी पशु पालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने पशुओं को सड़क पर न छोड़े अन्यथा नियमानुसार उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश नगर पालिका अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को दिए हैं। कलेक्टर ने सभी डीजे संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालयों के आदेशानुसार ही संचालन करें। डीजे की तीव्रता कोलाहाल नियंत्रण सीमा के बाहर होने, नियमों के उल्लंघन होने पर सीधे राजसात की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियम एवं कोलाहाल अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने ⏭ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### विद्यालय में अव्वल रही सिया सोनी

**बैकुण्ठपुर।** शहर के रामपुर स्थित सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल का कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में कक्षा 10 वीं बोर्ड में सानवी जायसवाल ने 94.4 प्रतिशत, सिया सोनी ने 94.6 प्रतिशत, विवेक साहू ने 93 प्रतिशत, श्रेयांस पाण्डे 91.8 प्रतिशत, राखी यादव 91.4 प्रतिशत, सुभांगी दुबे 91 प्रतिशत तथा निधि जैन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।



### मुशीर ने अर्जित किए 94 प्रतिशत अंक

**बैकुण्ठपुर।** सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा में शहर के निकट छिन्दडॉड़ का होनहार छात्र मो. मुशीर खान पिता मो. नासिर खान ने गणित संकाय से 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया। जानकारी के अनुसार छात्र मो.मुशीर खान ने जेईई की परीक्षा मे भी 94.24 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। छात्र मो. मुशीर के पिता व्यवसायी है, वहीं उनकी मां श्रीमती मेहनाज अंसारी कृषि विभाग में कृषि विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।



### काव्या ने हासिल किए 94.6 प्रतिशत अंक

**बैकुण्ठपुर।** डॉ. बीआर नायक और शिक्षिका सुमन नायक की सुपुत्री काव्या नायक ने कक्षा 12 वीं सीबीएससी बोर्ड हुमेनटाईस की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। काव्या शुरू से ही मेधावी छात्रा रही। कक्षा 10 वीं में भी काव्या ने केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।



### दिव्या ने बढ़ाया जिले का गौरव

**मनेन्द्रगढ़।** प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रकाश रोचलानी एवं गुन रोचलानी की पुत्री दिव्या रोचलानी ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। दिव्या के चाचा शंकर रोचलानी ने बताया कि दिव्या प्रारंभ से ही मेधावी बुद्धि की रही है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शिक्षा के साथ -साथ अन्य गतिविधियों में भी दिव्या ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।



### केवी झगराखाण्ड के बच्चों ने लहराया परचम

**मनेन्द्रगढ़।** सीबीएसई की ओर से 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड में परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। परीक्षा परिणाम देखने के बाद बच्चों ने एक-दूसरे को व स्टॉफ सदस्यों का मूंह मीठा कराया। केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड के अध्यापकों ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया। घोषित परिणाम में कक्षा 12 वीं में सुषमा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अविका सोनी ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं कुशाग्रा जैन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं कक्षा 10 वीं में एस मिश्रा 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अयान अहमद 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व रिया द्विवेदी 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# बंदरों के उत्पात से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

■ वन अमला नहीं दे रहा ध्यान

एमसीबी जिले के विकासखंड मुख्यालय जनकपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में लाल व काले मूंह वाले बंदरों ने उत्पात मचा रखा है।

काले मूंह वाले बंदर झूंड के झूंड बनाकर जनकपुर नगर के घरों के छतों के ऊपर आकर बैठ जाते हैं और छतों में धमा चौकड़ी करते हुए उत्पात करते रहते है, इससे नगर के लोग अपने छत पर अनाज व कपड़े सूखा नहीं पा रहे हैं। कभी-कभी तो बंदर घरों के अंदर घुस जाते हैं और कुछ भी सामान देखते हैं उसे लेकर भाग जाते हैं। ऐसा ही दुकानों में टांगी गई चिप्स, कुरकुरे, नमकीन की पैकेट को बंदर उठाकर छलांग लगाते हुए भाग जाते हैं। बंदरों के उत्पात और आतंक से परेशान होकर जनकपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी बाड़ियों में सब्जी-भाजी लगाना छोड़ दिए हैं। बंदरों के झूंड द्वारा नगर के किराना दुकानों एवं होटलों में भी परेशान करते हैं। मौका पाते ही खाद्य सामग्री लेकर भाग जाते हैं, कई बार तो थप्पड़ भी मार देते हैं।

नगर सहित क्षेत्र के गांव में काफी संख्या में बंदरों के झूंड द्वारा धमा चौकड़ी करते हुए उत्पात करने से लोग परेशान हैं। वहीं बंदरों के उत्पात से गांव की बाड़ियों में मौसमी सब्जी-भाजी की खेती भी लगभग समाप्त होती जा रही है। यहां तक कि गरीब परिवारों के खपरैल वाले मकान के छत में बंदरों द्वारा उछल कूद करके तोड़ दिया जाता है, जिससे बारिश के दिनों में खपरैल मकान के अंदर रहना मुश्किल होने लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इन दिनों बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं, लेकिन बंदरों को नगर और गांव से दूर रखने के लिए वन अमला ध्यान नहीं दे रहा है।



### शहर के निकट सकालो जंगल में पहुंचा दंतैल

**अम्बिकापुर।** शहर से सटे सकालो जंगल में अकेले दंतैल के पहुंचने से वन अमला सतर्क हो गया है। दंतैल पिछले पांच दिनों से सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल से आना-जाना कर रहा है। वनकर्मियों की सतर्कता के कारण दंतैल ने अब तक कोई क्षति नहीं पहुंचाई है। गुरूवार को सकालो जंगल में दंतैल के पहुंचने की सूचना मिली थी जिसके बाद वनकर्मी व हाथी मित्रदल के सदस्य उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। दंतैल कभी सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल तो कभी सकालो जंगल में पहुंच जाता है। पास में घनी आबादी होने के कारण खतरे को देखते हुए वनकर्मी उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। वन मण्डलाधिकारी तेजस शेखर ने बताया कि वयस्क होने के कारण हाथी आबादी क्षेत्र से दूर रहा है। शहर के निकट दंतैल के मौजूद होने के कारण उसकी नियमित निगरानी की जा रही है।

# मारपीट से घायल व्यावसायी की दो माह बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

■ आक्रोशित लोगों ने थाने के सामने शव रखकर किया प्रदर्शन

मारपीट से घायल हुए होटल व्यवसायी की रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से नाराज नगर के लोगों ने पटना थाने के सामने शव को रख आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

वहीं पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार नगर के मानपुर निवासी होटल व्यवसायी दिलकेश्वर साहू आ.धनुकधारी (48 वर्ष) लगभग दो माह पूर्व अपने किसी रिश्तेदार के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने 5 मार्च को जिला कोरिया के ग्राम रनई गए थे। परिजनों का आरोप है कि बारात के दौरान दिलकेश्वर साहू के साथ मारपीट किया गया था जिसकी शिकायत पटना थाने में किया गया था एवं इलाज के लिए डॉक्टर द्वारा रायपुर रेफर किया गया था। रायपुर में इलाज के दौरान दिलकेश्वर साहू की 12 मई को मौत हो गई। परिजन सहित नगर के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए थाना पटना के सामने शव को रख कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर धरना प्रदर्शन किया। परिजन ने कहना था कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक दाह संस्कार के लिए शव नहीं लेकर जाएगे। साथ ही पटना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इधर धरना प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी कविता ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने कविता ठाकुर ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस टीम रवाना हो गई है। पूरा मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ चुकी है और मामले की जांच कर कर जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# आदिवासी बालकों के लिए कौशल विकास शिविर चैनपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वनवासी कल्याण आश्रम मनेन्द्रगढ़ में कक्षा 9 वीं से 12 तक के आदिवासी बालकों के लिए उनके भविष्य का निर्माण कैसे हो ,कैसे अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, इसे लेकर कौशल विकास शिविर चैनपुर स्थित छात्रावास में 10 से 12 मई तक आयोजन किया गया।

इस शिविर में बच्चों के बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक विकास कैसे हो, व्यक्तित्व विकास व स्वस्थ जीवन जीने की कला, संगठन का विस्तृत परिचय, जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, खेलकूद के माध्यम से भविष्य का निर्माण, जीवन में कैसे लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, पीईटी, नीट व कॉम्पटीशन की तैयारी कैसे करें, भविष्य निर्धारण में अतीत,वर्तमान का ध्यान रखकर कैसे निर्धारण करें आदि विषयों पर विषय के जानकर, विशेषज्ञों ने पूरे शिविर में सत्र लेकर अपनी बातें बच्चों को बताई। कार्यक्रम डॉ.एसके सिन्हा, नीरज अग्रवाल के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इसमें प्रभात वर्मा, कुमारी रक्षिका राणा, डाटा साइंटिस्ट, डी गोपाल राव, जसपाल सिंह कालरा, टी विजय गोपाल राव ने सत्र लेकर अच्छी जानकारियां दी।

कार्यक्रम का समापन लखनलाल श्रीवास्तव, कौशल अरोरा, श्रीमती प्रियंका शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कल्याण आश्रम के प्रांतीय सचिव वैष्णव यादव, प्रांत के संगठन मंत्री महेश्वर राम, जिलाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संबोधित कर अपने-अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में गंगालाल यादव, संगठन मंत्री हरभजन सिंह, आरके पांडेय ,रितेश श्रीवास्तव, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा,सचिव श्रीमती ममता राणा, श्रीमती भावना गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में करीब 35 बच्चों ने भाग लिया।





### लगातार आंधी-पानी से तापमान में गिरावट

**बैकुण्ठपुर।** मौसम के सिस्टम में बदलाव के कारण कोरिया जिले में विगत एक सप्ताह से बादल मौसम के साथ बूंदाबांदी व बौछार पड़ती रही, इससे अधिकतम तापमान में गिरावट आई, इससे लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली रही। मंगलवार को भी आसमान में हल्के बादल छाते रहे ,लेकिन इस दिन अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी शनिवार तक आसमान में बादल हल्के रहेंगे, लेकिन मौसम खुला रहेगा। इसके कारण बुधवार से तापमान में थोड़ी बढ़ोत्तरी होकर अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, इसके अगले दिन से तापमान में एक डिग्री की और बढ़ोत्तरी होकर तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा, इसके बाद यदि मौसम पूरी तरह से साफ रहता है तो फिर धीरे -धीरे तेज गर्मी के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी होती चली जाएगी।



# विश्व कल्याण की मंगल कामना के साथ अखंड संकीर्तन

**मनेन्द्रगढ़।** रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 72 घंटे चलने वाले अखंड़ हरिनाम संकीर्तन का मंगलवार की सुबह समापन हुआ।
आयोजन के अंतिम दिन 14 मई को काफी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार के लोगों के साथ संकीर्तन में पहुंचकर हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे-हरे राम हरे राम, राम राम हरे संकीर्तन का जाप किया। उल्लेखनीय है कि रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 11 मई को प्रातः 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम,राम राम हरे-हरे का संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। यह संकीर्तन लगातार 72 घंटे तक अखंड़ रूप से चलता रहा। इस दौरान काफी संख्या में सनातन धर्म के लोग आयोजन में शामिल हुए। 14 मई को प्रातः 6:30 बजे समापन के बाद रात्रि में महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में मेरिट में आए बच्चों को दिए प्रशस्ति पत्र

# पुलिस अधीक्षक परिहार ने किया जिले के होनहारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस द्वारा होनहार बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। कॉन्फ्रेंस हाल में 14 मई को 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में कोरिया जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एसपी श्री परिहार ने प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं उनके भावी लक्ष्य से अवगत हुए। एसपी ने कहा कि 10 वीं और 12 वीं कक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव हैं, विशेषकर 12 वीं के बाद जीवन की दशा और दिशा निर्धारित हो जाती है, अच्छा अंक लाना एक शुभ शुरूवात है, यात्रा का प्रारंभ है, अंत नहीं। देश के भावी कर्णधार आप युवा छात्र ही हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में 10 वीं की परीक्षा में आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के सिद्धांत सिंह पिता प्रकाश कुमार सिंह ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आदर्श शिशु विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल पाण्डवपारा के मो. शाहजहां हुसैन पिता मो. मुन्नवर हुसैन एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रनई के अजय कुमार पिता किशुन प्रसाद द्वय ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल पीपरडांड़ बैकुंठपुर की साक्षी राजवाड़े पिता रघु शंकर रजवाड़े ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कोरिया जिले के 12 वीं की परीक्षा में शकुंतला सरस्वती गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के आशुतोष पिता ओम प्रकाश साहू, शासकीय मॉडल रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के तेजप्रताप राजवाड़े पिता राजेन्द्र प्रसाद राजवाड़े द्वय ने 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

शासकीय मॉडल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर की रागनी कश्यप पिता सलिकराम ने 92.60 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रनई की अनिशा साहू पिता दिनेश साहू ने 92.40 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार जिले के बहुत से विद्यार्थियों ने अपनी बोर्ड की परीक्षा में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें कक्षा 10 वीं में जिक्र तबरे पिता तबरेज अहमद ने 95.17 प्रतिशत, रिया भगत पिता महावीर राम भगत 95. प्रतिशत, ललिता पिता राम कुमार 94.83 प्रतिशत, नूरी शबा पिता मो. हासिब अंसारी एवं अंजली प्रधान पिता राम कुमार प्रधान द्वय ने 94.50 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वहीं मीनाक्षी साहू पिता महेन्द्र साहू, संजना कुशवाहा पिता शिवनाथ कुशवाहा एवं ⏭ शेष पेज 4 पर



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसपी।

### एकलव्य में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में सीधे प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म एक्सेप्ट किया गया है, वे एकलव्य वेबसाईट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाइल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### उत्तीर्ण छात्र पुरानी पुस्तकों का दान करें: वीरेन्द्र

**जनकपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरासी के व्याख्याता शिक्षक वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए और उन्हें अपनी पुरानी पुस्तकों को जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को दान करने का आग्रह किया। उन्होंने कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण छात्रों से कहा कि वर्तमान में पुस्तकें काफी महंगी है, कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं तक की पुस्तकें शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करा दी जाती है, जिससे गरीब पालकों को लाभ हो रहा है, लेकिन कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को शासन से निःशुल्क किताबें नहीं मिलती है, जिससे उनके पालकों पर आर्थिक भार आता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि पुस्तकों का दान करना बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जरूरतमंद छात्रों को बड़ा सहयोग मिलेगा। उन्होंने पुस्तकों के दान का महत्व के बारे में बताया कि पुस्तकें दान कर हम पर्यावरण के प्रति अपनी सहभागिता दे सकते हैं, क्योंकि पुस्तकें तैयार होने में कई वृक्षों, रंगों, पानी सहित अन्य चीजों का उपयोग होता है। जरूरतमंदों को पुस्तक दान कर आप लोग उनकी आर्थिक सहायता के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा कर पुण्य और आत्मिक सुख की अनुभूति कर सकते हैं।

### समितियों में शुरू किया गया तेंदूपत्ता संग्रहण

**राजपुर।** आदिवासी अंचल के लिए हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की खरीदी का कार्य क्षेत्र में सोमवार से शुरू हो गया है। राजपुर के अ व ब समिति में राजपुर प्रबंधक सुरेश सोनी एवं फड़ मुंशियों द्वारा आने वाले संग्रहको का तिलक लगाकर व पांव पखार कर खरीदी की शुरुआत की गई। इस दौरान ग्राम देवता व सनातन धर्म को जीवंत करते अपने आराध्य देवी देवता की पूजा अर्चना की गई। जिले के राजपुर समिति में तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 3300,000 मानक बोरा है कुल 17 फड़ो में संग्राहक तेंदू पत्ता संग्रहण करेंगे साथ ही राजपुर रेंज अंतर्गत समिति बासेन, परसागुडी में भी आज से तेंदू पत्ता संग्रहन शुरू किया गया है। राजपुर रेंज में 4 लाट है सभी अग्रिम में क्रेता द्वारा क्रय कर लिया गया है। इस वर्ष 5500 रूपए मानक बोरा व 550 रूपए सैकड़ा के दर से संग्रहको राशि ऑनलाइन भुगतान संघ कार्यालय रायपुर से किया जाएगा। समिति के प्रबंधक ने सभी संग्राहकों से आह्वान किया है कि अगर किसी का ऑनलाइन सर्वे कार्य नहीं हो पाया है तो वे तत्काल अपना ऑनलाइन सर्वे करा सकते है।

### भीषण गर्मी में राहत देने चलित प्याऊ का संचालन

**अम्बिकापुर।** भीषण गर्मी में दूर-दराज से आने वाले लोगों एवं राहगीरों को शीतल जल एवं शर्बत उपलब्ध कराने शहर के व्यवसायी रमेश केडिया पिछले 15 वर्षों से चलते-फिरते प्याऊ का संचालन कर रहे है। इस साल भी वे 1 अप्रैल से अपने चलते-फिरते प्याऊ के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रतिदिन शीतल जल व शर्बत उपलब्ध करा रहे हैं श्री केडिया ने बताया कि वे हर दिन अपने पिकअप में 300 लीटर शीतल जल एवं 50 लीटर शरबत लेकर निकलते हैं भीषण गर्मी में चौक-चौराहों एवं बस स्टैण्ड का भ्रमण कर पानी व शरबत पिलाकर लोगों की प्यास बुझाते है। वे जिम्मेदारी पूर्वक स्वयं यह कार्य करते हैं। श्री केडिया के निःस्वार्थ सेवा की क्षेत्रवासी जमकर सराहना कर रहे हैं।

### अवधेश कुमार को द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड

**अम्बिकापुर।** अवधेश कुमार साहू को द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड (कराटे) से सम्मानित किया गया है। हरिद्वार में 5 मई को आयोजित अखिल भारतीय द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड बलरामपुर जिले के श्री अवधेश कुमार साहू को द्रोणा रत्न बेस्ट प्लेयर अवार्ड का प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंडिया स्टोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित समारोह में श्री गुप्ता को कराटे स्टोर्ट्स में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दैरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पतरापारा निवासी जनक साय आ. स्व. देवधारी (50 वर्ष) रविवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर ग्रामीण के कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगते ही परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## निधन

### दीपक अग्रवाल



**मनेन्द्रगढ़।** मौहारपारा निवासी प्रदीप कुमार अग्रवाल के छोटे भाई दीपक कुमार अग्रवाल का 6 मई को उपचार के दौरान निधन हो गया। स्व. अग्रवाल 36 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# परीक्षा परिणाम देखकर खिले बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम देखकर सोमवार को छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उत्तीर्ण छात्र दोस्तों के साथ खुशी मनाते और सेल्फी लेते दिखाई दिए। अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त पाने वाले छात्रों ने अध्यापकों का आभार प्रकट किया है।

यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को बधाई दी। बच्चों के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय उनके अथक प्रयास और कठिन परिश्रम को जाता है। सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट बहुत अच्छा एवं प्रशंसनीय रहा। संस्था मे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं केविद्यार्थी जो टॉप किए उनका नाम कक्षा-10 वीं कुमारी आशना 93.6 प्रतिशत, रिषिका विश्वकर्मा 90.8 प्रतिशत, श्रद्धा शुक्ला 89.1 प्रतिशत, अंशु शुक्ला 87.5 प्रतिशत, तन्नु यादव 87.16 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 12 वी में आदित्य सिंह 85.8 प्रतिशत, गौरी सिंह 85.6 प्रतिशत, मोहन साहू 81.4 प्रतिशत, संजय गुप्ता 81 प्रतिशत, पूजा गुप्ता 77.8 प्रतिशत, भूमि सिंह 75.8 प्रतिश रहा। इन सभी बच्चों ने मेहनत करकेअच्छे अंक अर्जित किए हैं, इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रिजल्ट आने की जानकारी पर छात्र सुबह से ही उत्सुक दिखाई दिए। छात्र लगातार मोबाइल, लैपटॉप पर रिजल्ट चेक करने का प्रयास करते रहे। रिजल्ट पास आउट होने के बाद छात्रों के चेहरे खिल उठे। छात्रों ने परीक्षा में प्राप्त सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है। छात्रों का कहना है कि अध्यापकों ने उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया है। उन्हें पढ़ाई करने का माहौल दिया, जिसके कारण उन्हें परीक्षा में सफलता मिली है।



# बेतरतीब ढंग से खड़े चार ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

एनएच व रिंग रोड किनारे लापरवाहीपूर्वक भारी वाहनों को खड़ी करने और लोगों की जान खतरे में डालने को लेकर सरगुजा पुलिस की कार्रवाई जारी है। सोमवार को पुलिस द्वारा एनएच किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े बस व ट्रकों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने पांच वाहनों को जब्त करने के साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

बता दें कि शहर के रिंग रोड व एनएच किनारे भारी वाहन चालक बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते है। भारी भरकम वाहनों को लापरवाही पूर्वक खड़ा करने से आवागमन प्रभावित होता है इसके साथ ही लोग दुर्घटना के शिकार होते है। ऐसे में सरगुजा पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों पुलिस द्वारा कुल 15 वाहनों पर कार्रवाई की गई जबकि पुनः एसपी के निर्देश पर लखनपुर, सीतापुर व रघुनाथपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई कर छह भारी वाहनों के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लखनपुर पुलिस द्वारा एनएच 130 पर नारायण पेट्रोल पम्प के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 13 एएच 8218 के चालक बलरामपुर खड़यिडामर निवासी 21 वर्षीय फिलमोन एक्का, सुमन पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक क्रमांक एमएच 34 बीजी 8991 के चालक महाराष्ट्र चांदपुर के रामनगर निवासी 38 वर्षीय प्रफुल जनबुरकर, इंडियन पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनआर 4800 के चालक सारंगढ़ भटगांव रोहिना निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार को धारा 283 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 97.18 प्रतिशत



**सोनहत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कुमारी प्रिया साहू पिता चंद्रप्रताप साहू ने 91.83 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त की है। कुमारी रागनी गुप्ता पिता योगेश चंद्र गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंक के साथ शाला में द्वितीय एवं कुमारी साक्षी प्रजापति पिता जय प्रकाश प्रजापति ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ शाला में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके साथ-साथ बोर्ड कक्षा के सभी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं संस्था के प्राचार्य को दिया है और अनुशासन एवं मार्गदर्शन को सफलता का सीढ़ी बताई है। इन छात्राओं का कहना था कि शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन ही उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। इसका श्रेय शिक्षकों की मेहनत को जाता है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका राजवाडे ने सभी छात्राओं को उनके सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अरशद ने बढ़ाया जिले का गौरव



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत अमजद खान के पुत्र अरशद ने कक्षा 12 वीं में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिजनों, क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

अरशद केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड़ में कक्षा 12 वीं का छात्र है। अरशद ने कक्षा 10 वीं में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया था। केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड़ के शिक्षक बीके घोषाल ने बताया कि अरशद प्रारंभ से ही अध्ययन के प्रति काफी लगनशील था, जिस तरह से उसने 12 वीं में प्रदर्शन किया है, हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में वह इस क्षेत्र का नाम जरूर रोशन करेगा। अरशद ने बताया कि वह आगे सिविल सर्विसेज के माध्यम से देश की सेवा करना चाहता है। स्पीच अरशद ने बिना किसी तैयारी के जेईई मैंस की प्रतियोगी परीक्षा में 92 प्रतिशत भी अंक प्राप्त कर चुका है। इस वर्ष भी वह जेईई मैंस की परीक्षा में शामिल होगा। बहरहाल इस उपलब्धि पर अरशद के परिवारजन में काफी हर्ष है और उनके शुभचिंतक उन्हें निरंतर बधाई देने पहुंच रहे हैं।

## दो दिन में तीन किशोरियों को प्रशासन की टीम ने बालिका वधू बनने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त करने के संकल्प को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर के दिशा निर्देश पर गठित संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकने की परिजन को समझाइश देती है। विगत दो दिनों में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों ने सूचना दी की ग्राम लक्ष्मीपुर में एक 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिस पर टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि बालिका का उम्र मात्र 14 वर्ष 6 माह हो रहा है। परिजन को समझाइश दी गई तथा बालिका के 18 वर्ष पूरा होने के बाद विवाह करने की बात कही। इस प्रकार टीम को एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की गांव में ही एक और नाबालिग लड़की का विवाह होने वाला है। जिस पर टीम वहां गई, दस्तावेजों का परीक्षण करने पर बालिका का उम्र 17 वर्ष 6 माह हो रहा है परिवार वालो को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्राम पंचायत जोबगा के ग्रामीणों से सूचना मिला कि एक 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह करने हेतु मण्डप रखे हैं। आज बारात आने वाली है।



## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को सौंपी गई स्टीकर की राशि




**कोरिया कॉलरी।** झंडा दिवस के मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी के द्वारा विकासखंड खड़गवां शिक्षा अधिकारी को 1000 नग टोकन ध्वज तथा 8 नग कार ध्वज बिक्री कार सहयोग राशि जुटाने के लिए प्रदान किया था। स्टीकर बिक्री कार उसकी की राशि 6000 रुपए जमा करने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन विकासखंड़ खड़गवां के आमजन, अधिकारी व बच्चों के सहयोग से साल 2023-24 में लक्ष्य के विपरीत कुल 11130 रुपए एकत्र कर पूर्व सैनिकों, सैन्य अधिकारी, विधवाओं व आश्रितों के कल्याण करी योजना में सहयोग के लिए राशि को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बैकुंठपुर रंजीत सिंह बिष्ट को विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। राशि प्राप्त कर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी देश की रक्षा में सर्वोच्च त्याग व बलिदान करने वाले वीर शहीदों के प्रति सदैव आप सब का बढ़-चढ़कर इसी तरह का सहयोग बने रहने की उम्मीद व्यक्त की।

# 25 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 01 दिसंबर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-5 के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत निम्नानुसार आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया जाता है।

दुर्घटना में मृत्य परिवारों को 25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बताया कि सर्पदंश के कारण, तालाब व कुआं में डूबने के कारण, आकाशीय बिजली गिरने के कारण एवं प्राकृतिक आपदा कारणों से मृत्य परिवारों के लिए छग शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसी के तहत जिले में आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृतक आशीष आत्मज जयपाल के वारिस ज्योति जाति उरांव निवासी सोनवर्षा तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 4 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से मृतिका मनीषा आत्मज बिजेन्द्र के वारिस बिजेन्द्र जाति अगरिया निवासी ग्राम दुग्गी तहसील खड़गवां को स्वीकृति 1 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से मृतक गंभीर आत्मज शिवनारायण के वारिस श्रीमती शांति बाई निवासी ग्राम छोटेकलुआ बदरहिया पारा तहसील खड़गवां को स्वीकृति 4 लाख रुपए, कुआं के पानी में डूबने से मृतक लक्ष्मण यादव आत्मज अमरसाय यादव के वारिस सूरज जाति अहीर निवासी ग्राम तेंदूडांड़ तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 2 लाख रुपए एवं कुमारी रोशनी जाति अहीर निवासी ग्राम तेंदूडांड़ तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 2 लाख रुपए कुल 4 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से मृतिका कुमारी कोमल सिंह आत्मज जियालाल के वारिस राजबाई जाति गोंड़ निवासी ग्राम जैती तहसील भरतपुर को स्वीकृति 4 लाख रुपए, हसदेव नदी के पानी में डूबने से मृतक सुलेमान तिग्गा आत्मज नंदल तिग्गा के वारिस दिव्य किरण तिग्गा निवासी वार्ड नंबर 15 आमखेरवा तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 4 लाख रुपए तथा कुआं के पानी में डूबने से मृतिका सुमित्रा बाई आत्मज मान सिंह के वारिस मान सिंह निवासी जाति गोंड़ ग्राम हथवारी तहसील भरतपुर को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई हैं। उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय होगा।

## मौसम की बेरूखी से तेंदूपत्ता का संग्रहण पर संकट, खरीदी शुरू होने का इंतजार

अम्बिकापुर

मौसम की बेरूखी तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए चुनौती बन गई है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण अभी तक अधिकांश फड़ों में तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ नहीं हो पाई है। जिन फड़ों में पत्ते की खरीदी की जा रही है वहां गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण ठेकेदार सवाल उठा रहे हैं।

वहीं जहां खरीदी शुरू नहीं हो सकी है संग्राहक तत्काल खरीदी प्रारम्भ करने की मांग कर रहे हैं। मौसम में लगातार हो रहे उलट-फेर एवं आए दिन अंधड़ के साथ हो रही बूंदाबांदी से तेंदूपत्ता संग्रहण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से लगातार मौसम बदल रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप निकलने के बाद शाम में अचानक आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चल रहा है। मौसम विभाग ने 14 जून तक मौसम के प्रतिकूल रहने के साथ ही तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अलर्ट जारी किया है। स्थिति को देखते हुए तेंदूपत्ता लाटों की अग्रिम खरीदी करने वाले ठेकेदार मौसम साफ होने के बाद ही तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ करने का दबाव बनाए हैं। ठेकेदारों का कहना है कि खरीदी के दूसरे दिन विभाग खरीदे गए पत्ते की ठेकेदार के हवाले कर देता है। मौसम प्रतिकूल होने की स्थिति में कच्चे तेंदूपत्ता को सुरक्षित बचाए रखना संभव नहीं है। ऐसे में खरीदे गए पत्तों के खराब होने के कारण ठेकेदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। आमतौर पर मई के प्रथम सप्ताह में विभाग प्राथमिक वनोपज समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ कर देता है। सरगुजा एवं सूरजपुर वनमण्डल के कुछ समितियों द्वारा तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ भी कर दी गई है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक समेत सड़क किनारे गिरने तथा बाइक के विद्युत पोल से टकरा जाने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल अंतर्गत ग्राम टांगरगांव निवासी एलेक्स टोप्पो आ. हेमंत टोप्पो (19 वर्ष) रविवार की शाम बाइक से गांव में घूमने निकला था। युवक जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित हो कर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया। परिजन देर रात युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में भिट्ठी कला निवासी राजेश प्रसाद यादव आ. भूखल राम (30 वर्ष) रविवार को ग्राम लोधिमा निवासी दशरथ साहू के घर आया था।




## पेज 3 का शेष

### प्रकरणों का समय ...

विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारियों पर संबंधित जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिले, इसके लिए पटवारी, आरआई एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से समन्वय करते हुए यह कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक परिहार ...

शिवानी कुशवाहा पिता विष्णु प्रसाद कुशवाहा ने 94.33 प्रतिशत अंक हासिल किया है। मोनिशा साहू पिता राजेश कुमार साहू एवं जुगुन पिता चंद्रिका प्रसाद ने 93.50 प्रतिशत अंक, मधू राजवाड़े पिता घनश्याम राजवाड़े, स्नेहा नाविक पिता ओम प्रसाद नाविक एवं प्रतिभा राजवाड़े पिता नरेन्द्र प्रसाद राजवाड़े ने 93.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया है। इसी तरह कक्षा 12 वीं में मानसी पांडे पिता राजकुमार पाण्डेय ने 90.60 प्रतिशत, प्रियंका लकड़ा पिता बिनोद कुमार एवं शिव कुमारी पिता प्यारे लाल ने 90.20 प्रतिशत, तुषार कुमार सोनी पिता राजेन्द्र कुमार सोनी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी प्रकार रामसागर पिता जय कुमार ने 89.60 प्रतिशत, प्रीति पिता नान साय ने 89.40 प्रतिशत, उमानाथ राजवाड़े पिता अर्जुन प्रसाद राजवाड़े ने 88.80 प्रतिशत, रजनी सोनी पिता धीरेन्द्र सोनी एवं जनक राम पिता मंगल प्रसाद ने 88.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिलेभर में 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सिद्धांत ने बड़े होकर साइंटिस्ट बनना बताया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शाहजहां ने मेडिकल फील्ड में आगे बढ़कर डॉक्टर बनने का लक्ष्य बनाया है। 12 वीं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले आशुतोष ने डॉक्टर एवं तेजप्रताप ने एनडीए के तहत आर्मी ऑफिसर बनना बताया है। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रागनी ने बैंक मैनेजर का लक्ष्य बनाया है। सभी होनहार विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक कोरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया।







TOP IN KOREA




## खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, एक की मौत

**बतौली/सेदम।** दूल्हा के साथ शादी कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार सड़क पर खड़े बालू लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूल्हा ट्राली की चपेट में आने से बाल-बाल बचा।

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)